EDITION IND ಕನ್ನಡ മലയാളം বাংলা తెలుగు தமிழ் मराठी ગુજરાતી Samayam English Pregatips लॉगिन

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

फिल्मी खबरें मनोरंजन भारत राज्य दुनिया लाइफस्टाइल धर्म खेल बिजनेस रियल एस्टेट टेक हेल्थ शिक्षा More शहर

टीवी मनोरंजन के-ड्रामा बिग बॉस मूवी गैलरी बॉक्स ऑफिस साउथ सिनेमा मूवी रिव्यू इंटरव्यू भोजपुरी हॉलीवुड वेब स्टोरी

ट्रेंडिंग टॉपिक्स Who is Bade Sahab Dhurandhar 2 Box Office Divyanka Tripathi Dhurandhar 2 Review Elvish Yadav Mamta Kulkarni Sarke Chu



# सलीम खान अस्पताल से डिस्चार्ज, सलमान खान के पिता ब्रेन हैमरेज के 1 महीने बाद घर लौटे: रिपोर्ट

Edited By: संगीता तोमर | नवभारतटाइम्स.कॉम • 17 Mar 2026, 12:23 pm IST

Subscribe

Advertisement

सलमान खान के पिता सलीम खान को लीलावती अस्पताल से एक महीने बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। खबर है कि 17 मार्च की सुबह साढ़े 10 बजे उन्हें डिस्चार्ज किया गया। वह 17 फरवरी से अस्पताल में भर्ती थे।



सलमान के पिता सलीम खान अस्पताल से डिस्चार्ज, 1 महीने बाद मिली छुट्टी, हुआ था ब्रेन हैमरेज: रिपोर्ट, pic: Insta/salman_khan_talent

आज का AQI नई दिल्ली
तापमान वायु गुणवत्ता
166 AQI
PM2.5 81 µg/m³
अस्वस्थ
Powered By AQI

वीडियो



मनीष मल्होत्रा की मां का निधन, राघव चड्ढा संग अंतिम दर्शन करने पहुंचीं परिणीति...



मनीष मल्होत्रा की मां का निधन, सांत्वना देने घर पहुंचे सिद्धार्थ-कियारा और मलाइका

सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रीनराइटर सलीम खान एक महीने बाद लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं और सही सलामत घर पहुंच चुके हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें 17 मार्च की सुबह साढ़े दस बजे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। सलमान खान सुबह छह बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने डिस्चार्ज संबंधी सभी फॉर्मैलिटी पूरी कीं और सलीम खान को डिस्चार्ज कर दिया गया। सलीम खान 17 फरवरी 2026 से लीलावती अस्पताल में भर्ती थे।

'फ्री प्रेस जर्नल' की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने बताया कि सलमान 17 मार्च की सुबह 6 बजे के आसपास अस्पताल पहुंचे थे और साढ़े दस बजे सलीम खान को डिस्चार्ज किया गया। सलमान के अलावा डिस्चार्ज के वक्त

परिवार के और भी सदस्य मौजूद थे। बताया जा रहा है कि सलीम खान की सेहत में काफी सुधार आ चुका है और उसके बाद ही उन्हें घर जाने की अनुमति दी गई।



डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की मां का निधन, घर पहुंचे ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन


मनीष मल्होत्रा की मां का निधन, अंतिम दर्शन करने ऐश्वर्या-अभिषेक से लेकर...


Advertisement

## सलीम खान को हुआ था ब्रेन हैमरेज, वेंटिलेटर पर रखना पड़ा

सलीम खान को 17 फरवरी को तबीयत बिगड़ने के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। तब कहा गया कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। हालांकि, उनका इलाज कर रहे डॉक्टर जलिल पारकर ने मीडिया को बताया था कि सलीम को माइनर ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसे तुरंत ही टैकल कर लिया गया। लेकिन उम्र को देखते हुए सुरक्षा कारणों से [सलीम खान को तब वेंटिलेटर पर रखा गया था]। जलिल पारकर ने बताया था कि सलीम खान को इमरजेंसी में लाया गया था, और उन्हें तुरंत ही आईसीयू में निगरानी में रखा गया था।

Advertisement









रेकमेंडेड खबरें ›


मनीष मल्होत्रा की मां का निधन, जल्दी में घर पहुंचे ऐश्वर्या राय-अभिषेक बच्चन,...


'धुरंधर 2' से अरिजीत सिंह का गाना 'फिर से' रिलीज, एक-एक लाइन रोने को कर रही...


नोरा फतेही के खिलाफ फतवा जारी, 'सरके चुनर तेरी' को मुस्लिम संस्था ने बताया...


'धुरंधर 2' में PM मोदी के स्क्रीन पर आते ही नारे लगाने लगे लोग, उछल-कूदकर नाचे...


Dhurandhar 2: 'ऐसे रोना

पिता सलीम खान के साथ सलमान, pic: Salman Khan Instagram

Advertisement

Advertisement

## डॉक्टर ने बताया था क्या हुआ था, सलमान थे नाराज

न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट और न्यूरोसर्जन की एक टीम ने तुरंत ही सलीम खान का इलाज शुरू कर दिया था। जलिल पारकर ने सलीम के बारे में ज्यादा अपडेट न देते हुए बस यही बताया था कि उनके दिमाग में ब्लड क्लॉट था और उनका डीएसए टेस्ट के अलावा कुछ और जांच की गईं। लेकिन इसके बाद सलीम खान की हेल्थ को लेकर डॉक्टर या परिवार की तरफ से कोई हेल्थ अपडेट या बुलेटिन जारी नहीं किया गया। बताया गया कि सलमान मीडिया को पिता का हेल्थ बुलेटिन दिए जाने से नाराज थे और उन्होंने डॉक्टरों से कह दिया कि परिवार की रजामंदी के बिना कोई हेल्थ अपडेट नहीं दिया जाएगा।

Advertisement

## सलीम खान से अस्पताल में मिलने पहुंचे थे ये सेलेब्स

इसके बाद से सिर्फ उन्हीं सेलेब्स से सलीम खान का हाल-चाल मिल सका था, जो उनसे मिलने अस्पताल पहुंच रहे थे। 88 वर्षीय सलीम खान जब अस्पताल में थे, तो परिवार के अलावा जावेद अख्तर अकसर रोजाना उनसे मिलने पहुंचते थे। उनके अलावा आमिर खान, डेजी शाह, रितेश देशमुख, शाहरुख खान, संजय दत्त और संगीता बिजलानी समेत कई हस्तियां बीमार सलीम खान से मिलने लीलावती पहुंची थीं।



लेखक के बारे में

**संगीता तोमर**

संगीता तोमर, नवभारतटाइम्स ऑनलाइन में प्रिंसिपल डिजिटल कंटेंट प्रोड्यूसर हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में वह 15 साल का अनुभव रखती हैं। वे NBT (Digital) की एंटरटेनमेंट टीम के साथ हैं। उनकी विशेष रुचि सिनेमा और सितारों की दुनिया की थ्रोबैक स्टोरीज, BTS ख़बरों, गॉसिप, बॉक्स ऑफिस, सेलेब इंटरव्यूज में है। सं ... और पढ़ें

कन्वर्सेशन शुरू करें | कमेंट पोस्ट करें

**YOU MAY LIKE** PROMOTED LINKS BY TABOOLA

**ओल्ड पाईस येथे नवीन लाँच - जॉयव्हिल सेलेस्टिया - २ बीएचके: ७२ लाख***

शेवटचा निर्णय! जॉयव्हिल सेलेस्टिया, हडपसर अ ॅनेक्स, पुणे येथे तुमच्या स्वप्नातील घर घ्या. प्रशस्त २, ३ आणि ४ बीएचके आणि डुप्लेक्स निवासस्थानांमधून निवडा. मर्यादित युनिट्स शिल्लक आहेत आणि ₹१३ लाखांपर्यंतची सूट आहे.

Shapoorji Pallonji Get Offer